दिन–शनिवार दिनांक– 07/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा है कि भाजपा आम कार्यकर्ताओं की पार्टी है और यहाँ एक साधारण कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद तक पहुंच सकता है। श्री नड्डा आज पटना के खाजेकलां में पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य देशभर में दस करोड़ सदस्य बनाना है। श्री नड्डा ने कहा कि भाजपा किसी जाति, धर्म या विशेष समुदाय की पार्टी नहीं है बल्कि सबकी और पूरे समाज की पार्टी है। उन्होंने कहा कि यहाँ सभी कार्यकर्ताओं को अवसर की समानता है। इस अवसर पर श्री नड्डा ने कई लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इससे पहले श्री नड्डा ने पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरमंदिर साहेब में मत्था टेका।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने आज पटना मेडिकल अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद थे। श्री नड्डा ने लहेरियासराय स्थित दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर मे नवनिर्मित दो सौ दस बेड वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन भी किया। साथ ही उन्होंने दरभंगा के एकमी शोभन में प्रस्तावित एम्स का स्थल निरीक्षण भी किया। बाद में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मुजफ्फरपुर स्थित श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गया में पितृपक्ष मेला महासंगम दो हजार चौबीस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए हर आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र, सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार, शहरी विकास मंत्री नितीन नवीन और अनुसूचित जाति–जनजाति कल्याण मंत्री संतोष कुमार सुमन भी मौजूद थे। बाद में मुख्यमंत्री ने गया में विष्णुपद मंदिर तक वैकल्पिक पहुंच पथ और एकीकृत जल निकासी कार्य का लोकार्पण किया।

————————————————————————

पर्यावरण, वन औऱ जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने आज बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विकसित क्लीन एयर एप का लोकार्पण किया। इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईज के अवसर पर इस एप की शुरुआत की गयी। यह एप कचरा जलाने से प्रदूषण, निर्माण कार्य से वायु प्रदूषण और अन्य स्रोतों से होने वाले प्रदूषण के बारे में जानकारी प्रदान करता है। आम लोग इसके माध्यम से वायु प्रदूषण करने वालों की शिकायत भी कर सकते हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर डी के शुक्ला ने बताया कि फिलहाल इस एप के माध्यम से पटना, मुजफ्फरपुर और गया के लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

————————————————————————

राज्य में एक बार फिर मॉनसून की सक्रियता में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिणी हिस्सों के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। नवादा के पकरीबरावां में सबसे अधिक तिरेपन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों तक राज्य के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश की ही संभावना है।

————————————————————————

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु अपने घर में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करते हैं। दस दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव के दौरान कई जगह मेले का भी आयोजन किया जा रहा है। गणेश चतुर्थी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के लाखो थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर टोल प्लाजा के पुलिस ने पास जाली नोट के कारोबार से जुड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से दो लाख सात हजार रूपये मूल्य के जाली नोट बरामद किए गए।

———————————————————————

समाप्त